# स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर 'ईसीआईएल गौरव' का विमोचन



हैदराबाद, 2 मई (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद के आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर हिन्दी गृह-पत्रिका 'ईसीआईएल गौरव' का डॉ. शेखर बसु, अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग एवं सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा विमोचन किया गया।

इस पत्रिका में ईसीआईएल मुख्यालय के अतिरिक्त इसके आंचलिक कार्यालय के रचनाकारों को भी प्रमुखता दी गई है। पत्रिका की संपादन समिति में ए.पी. राजु, वरिष्ठ प्रबंधक, के. लक्ष्मी राणी, वरिष्ठ अधिशासी सचिव ओ. श्वेता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी एस. गौतमी, लेखा अधिकारी, श्रीमती पी.डी. रम्या तेजा, तकनीकी अधिकारी कुलदीप कुमार यादव हैं। इस अवसर पर देवाशीष दास, विशिष्ट वैज्ञानिक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ले जन. आशीष रंजन प्रसाद, ईसीआईएल बोर्ड सदस्य एस. आर. विजयकर, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जी.पी. श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेश, वाई.एस. मय्या पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पी. सुधाकर, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जी. कल्याणकृष्णन, मुख्य कार्यपालक, एनएफसी, हैदराबाद, एल.के. नंदा, निदेशक, एएमडी, हैदराबाद,किशोर रुंगटा, निदेशक (वित्त), बी.एस.बी. बाबु, निदेशक (कार्मिक)मेजर जनरल (नि.) अतुल मेहरा, कार्यपालक निदेशक बी. अशोक कुमार, प्रमुख, कार्मिक एवं प्रशासन डी. रामुलु, सचिव, ईसीओए तथा के. नरसिंग राव, महासचिव ईसीएमएस मंच पर उपस्थित थे।अनुराग कुमार महाप्रबंधक (उपकरण प्रणाली वर्ग तथा निगमीय अनुसंधान एवं विकास) मार्गदर्शन में डॉ. राजनारायण अवस्थी, हिन्दी अधिकारी द्वारा संपादित इस पत्रिका में 'ई-अभिशासन के क्षेत्र में ईसीआईएल' को विशेष रूप से प्रकाशित किया गया है।

स्वतंत्र वार्ता
Wed, 03 May 2017
epaper.swatantravaartha.com//c/18772887